**RELIANCE CHEMOTEX**
INDUSTRIES LIMITED

Date: June 2, 2025

To,
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai 400 001

**Scrip Code: 503162**

To,
**National Stock Exchange of India Ltd.**
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai 400 051

**Trading Symbol: RELCHEMQ**

Dear Sir/Madam,

**Sub.: - Newspaper Publication pertaining to the Audited Financial Results for the quarter and Financial Year ended on March 31, 2025**

Pursuant to Regulations 30, 47 and other applicable Regulations of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the newspaper publication pertaining to the extract of the Audited Financial Results of the company for the quarter and Financial Year ended on March 31, 2025.

The said extract of the Financial Results was published in the Financial Express (English) and Jai Rajasthan (Hindi) Newspapers, on Sunday, June 1, 2025. The above information is also available on the website of the Company at www.reliancechemotex.com

This is for your information & records.

Thanking You,
**For Reliance Chemotex Industries Ltd.**

RAJAGOPALAN CHANDRASEKARAN Digitally signed by RAJAGOPALAN CHANDRASEKARAN Date: 2025.06.02 15:12:19 +05'30'

**Chandrasekaran Rajagopalan**
**CFO cum Company secretary and Compliance Officer**
**M.No.: A12420**

(https://epaper.financialexpress.com/)

Hide Clips | Clip | Page 23 of 28 | Zoom



## LKP Securities Limited

LKP Trust • Invest • Grow

CIN: L67120MH1994PLC080039

**Regd. Off.:** 203, Embassy Centre, Nariman Point, Mumbai - 400021

**Tel. No.:** +91 22 40024785/86; **Fax No.:** +91 2222874787;

**Website:** www.lkpsec.com; **E-mail:** ho_compliance@lkpsec.com

**NOTICE OF THE 31ST ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that the 31st Annual General Meeting ('AGM') of the Members of LKP Securities Limited ('the Company') is scheduled to be held on Monday, June 23, 2025 at 11:00 a.m. (IST) through Video Conference ("VC")/Other Audio Visual Means ('OAVM') without physical presence of the members at a common venue, in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 ('the Act'), MCA circular dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020 along with subsequent circulars issued in this regard and the latest Circular being dated October 03, 2024 ('Circulars'), to transact the business as set out in the Notice convening the 31st AGM ('the Notice'). The deemed venue for the 31st AGM shall be the Registered Office of the Company *i.e.* 203, Embassy Centre, Nariman Point, Mumbai 400 021.

In compliance with the said MCA circulars and SEBI Circulars, the Company has sent the Notice and Annual Report for financial year 2024-25 through electronic mode to all the members whose email IDs are registered with the Company/Depository Participants ('DPs')/ Registrar and Transfer Agent viz. Adroit Corporate Services Private Limited ('RTA'). These documents are also available on the website of the Company at www.lkpsec.com, website of the stock exchange, i.e., BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of Central Depository Services (India) Limited ('CDSL') at www.evotingindia.com.

Pursuant to provisions of Section 108 of the Act and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('SEBI Listing Regulations'), members holding shares in physical or dematerialised form, as on the cut-off date, i.e., Monday, June 16, 2025, may cast their vote electronically on the business as set out in the Notice through e-voting platform of CDSL at www.evotingindia.com. The detailed procedure/instructions for e-voting are contained in the Notice.

In this regard, the members are hereby further notified that:

- Remote e-voting shall commence from Friday, June 20, 2025 at 09:00 A.M. and ends on Sunday, June 22, 2025 at 05:00 P.M. Remote e-voting through electronic means shall not be allowed beyond 05.00 P.M. on Sunday, June 22, 2025.
- Cut-off date for the purpose of e-voting shall be Monday, June 16, 2025.
- The Register of Members and Share Transfer books of the Company will remain closed from Tuesday, June 17, 2025 to Monday, June 23, 2025 (both days inclusive).
- The Members can join the AGM through VC/OAVM mode 15 minutes before and after the scheduled time of the commencement of AGM by following the procedure mentioned in the Notice.
- Members present at the meeting through VC/OAVM and who had not cast their votes on the resolutions through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to

## GRATEX INDUSTRIES LIMITED

Regd office: Gratex House, A73, TTC Industrial Area, MIDC, Kopar Khairne, Navi Mumbai, Maharashtra, India, 400703

Website : www.gratex.in / Email : esales@gratex.in/ Tel : (022) 62992380

CIN : L21093MH1984PLC032248

**Extract of the Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year Ended on 31st March, 2025**

Rs. In Lacs

| PARTICULARS | Quarter ended 31.03.2025 (Audited) | Year ended 31.03.2025 (Audited) | Quarter ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|
| Total Income From Operations (Net) | 70.05 | 375.12 | 93.71 |
| Net Profit for the period ( before Tax, Exceptional items and / or Extraordinary items) | 2.13 | 10.74 | 4.44 |
| Net Profit for the period before Tax( after Exceptional items and / or Extraordinary items) | 2.13 | 10.74 | 4.44 |
| Net Profit for the period after Tax ( after Exceptional items and / or Extraordinary items) | 0.70 | 7.14 | 3.48 |
| Total Comprehensive Income for the period after Tax | 7.52 | 13.96 | 1.56 |
| Equity Share Capital | 303.48 | 303.48 | 303.48 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 60.91 | 60.91 | 46.94 |
| Earnings Per Share (before and after extraordinary items) (Face value of Rs. 10/- each) | | | |
| (a) Basic (Rs.) | 0.03 | 0.24 | 0.12 |
| (b) Diluted (Rs.) | 0.03 | 0.24 | 0.12 |

**Notes:**

1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 30.05.2025
2. The above is an extract of the detailed format of the Results for Quarter and Year ended on 31st March, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended on 31st March, 2025 is available on the Stock Exchange website www.bseindia.com and on the Company's website www.gratex.in

**For and on behalf of the Board of Directors**
Sd/-
Mr. Karan Sharma
Managing Director
DIN: 00117188

Place : Mumbai
Date: 30.05.2025

## RELIANCE CHEMOTEX INDUSTRIES LIMITED

Registered Office: Village Kanpur, Post Box No.73, Udaipur, Rajasthan, 313003

CIN: L40102RJ1977PLC001994

Tel: +91 (0) 294 2491489 ; +91 (0) 294 2491490 | Fax: +91 (0) 294 2490067

E-mail: cs@reliancechemotex.com | Website: www.reliancechemotex.com

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/YEAR ENDED ON MARCH 31, 2025**

RS. IN LACS EXCEPT EPS

| Particulars | Quarter ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2025 (Audited) | 31.12.2024 (Un-Audited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) |
| Total Income From Operations( Net) | 8,392.53 | 9,279.22 | 10,370.07 | 36,876.71 | 37,145.45 |
| Net profit/ loss for the period (before tax and exceptional items) | 302.90 | 11.74 | 149.27 | 365.69 | 562.75 |
| Net profit/loss for the period (before tax and after exceptional item) | 302.90 | 11.74 | 149.27 | 365.69 | 562.75 |
| Net profit/loss for the period (after tax and after exceptional item and /or extra ordinary items) | 184.02 | 19.31 | 45.99 | 404.52 | 320.99 |
| Total comprehensive income( Including the profit after tax and other comprehensive income | 194.46 | 27.26 | 73.98 | 438.82 | 352.80 |
| Equity Share capital | 754.36 | 754.36 | 754.36 | 754.36 | 754.36 |
| Reserves Excluding Revaluation Reserves as per audited balance sheet of previous accounting year | - | - | - | 12972.34 | 12608.95 |
| Earnings per share (after extra ordinary items (of Rs 10 each) | | | | | |
| a) basic | 2.44 | 0.26 | 0.61 | 5.36 | 4.26 |
| b)Diluted | 2.44 | 0.26 | 0.61 | 5.36 | 4.26 |

1)The above Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 30th May 2025.

2)The figures for the quarter ended March 31, 2025 and the quarter ended March 31, 2024 are the balancing figure between audited figures in respect of full Financials and the published unaudited year to date figures upto the third quarter of respective financial year which were subject to limited review.

3)The above statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices to the extent applicable.

4)The Board of Directors have recommended a Dividend agregating to Rs. 37.72 Lacs @ 5% i.e Rs. 0.5/- per share for the financial year 2024-25, subject to approval of shareholders.

5)Figures for the previous periods are re-classified/re-arranged/re-grouped, wherever necessary, to correspond with the current period's classification/disclosure

6)The above results are available on the website of the Company.

7)The Company has only one reportable primary business segment i.e. Yarns.

Place : Udaipur
Date : 30.05.2025

For **Reliance Chemotex Industries Ltd.**
**Sanjiv Shroff**
Managing Director
DIN : 00296008

## KARNAVATI FINANCE LIMITED

(CIN: L65910MH1984PLC034724)

**Registered Office:** Vraj Group, 2nd Floor, Simran Centre, Mogra Village 30H Parsi Panchayat Road, Andheri East Andheri Mumbai - 400053, Maharashtra

**Corporate Office :** "Vraj Building", 05th Floor, Opp. Hotel President, Near Bhumi Press, Limda Lane, Jamnagar-361001, Gujarat.

Telephone : +91 022 28800111 • E-mail ID : karnavatifinance@gmail.com

**Extract of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended on March 31, 2025**

(Rs. in lakhs Except EPS)

## MT Educare Limited

MT EDUCARE

**CIN :** L80903MH2006PLC163888

**Regd Office** :- 220, "FLYING COLORS", Pandit Dindayal Upadhyay Marg, L.B.S. Cross Marg, Mulund (west), Mumbai 400 080

**Website:** www.mteducare.com ; **email:** info@mteducare.com ; **Tel :** 91-22-25937700

**STANDALONE AND CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE**

## सम्पादकीय

# जय राजस्थान

दिनांक 1 जून 2025 रविवार

## सुरक्षा का प्रश्न

रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल वाजिब हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा।

**हवाई मजबूती:** एयरफोर्स चीफ की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब भारत ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को हवाई क्षमता का प्रदर्शन कर ध्वस्त किया था। इसी टकराव ने यह भी दिखाया कि जंग में लड़ाकू विमानों की भूमिका कितनी अहम हो चुकी है।

**पाक-चीन दोस्ती:** भारत के सामने दो फ्रंट खुले हुए हैं- पाकिस्तान और चीन और चिंता की बात यह है कि जो चीन के पास है, वह किसी न किसी तरह पाकिस्तान के पास पहुंच ही जाता है। हालिया टकराव में ही उसने तुर्किये के ड्रोन और चीन के लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया। भारत के लिए ताजा रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है कि चीन अपने जे -35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। सरकार ने 5वीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट के निर्माण को मंजूरी तो दी है, पर अगर उम्मीद पूरी हुई तो भी इनको बनने में 10 साल लग जाएंगे।


**विमानों की कमी:** भारतीय वायु सेना के पास 42.5 स्क्वाड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए, लेकिन हैं केवल 30। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अभी तक स्वदेशी तेजस मार्क - 1 की डिलिवरी नहीं कर पाया है। इसकी वजह से वायु सेना की रक्षा तैयारियों पर असर पड़ रहा है। एयर चीफ पहले भी यह मुद्दा उठा चुके हैं।

**मेक इन इंडिया:** भारत ने हाल में %मेक इन इंडिया% पर दम लगाया है। 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन इस प्रॉजेक्ट के तहत हुआ साथ ही देश ने 21 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का डिफेंस एक्सपोर्ट किया। 100 से अधिक मुल्कों ने भारत से रक्षा उपकरण और हथियार खरीदे हैं। एक दशक में करीब 30 गुना की तेजी आई है।

**तेजी की जरूरत:** भारत को आने वाले वक्त में अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। साथ ही, जिस तरह से चीन ने अपनी सेना का आधुनिकीकरण किया है, भारत को भी उस राह पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके लिए डिफेंस प्रॉडक्शन को फास्ट ट्रैक करने की जरूरत है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

# नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम

**मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था।**



नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के संघर्ष में बीती 21 मई को नया इतिहास रचा गया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया। उसके साथ 26 और नक्सली मारे गए। इसके कुछ दिन बाद झारखंड में भी तीन नक्सली मारे गए। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 के अंत तक नक्सलवाद के देश से सफाये का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के लगातार कसते शिकंजे का संकेत भी कुछ ऐसा ही है।

नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब कोई सर्वोच्च नक्सली कमांडर और महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे अपने बयान में रेखांकित भी किया। इस घटना के तुरंत बाद एक बयान में अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। केशव राव उर्फ बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस औ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरिस्ट नाम दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जिस तरह धड़ाधड़ सफल मुठभेड़ हो रही है, नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे अमित शाह का उम्मीद रखना बेमानी भी नहीं है।

मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था। उससे उपजा क्षोभ ताजा था। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की हमेशा से पक्षधर रही है। कह सकते हैं कि इसी वजह से साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को पार्टी ने अपना प्रमुख कार्यक्रम घोषित कर रखा था।

गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय का निवास ज्यादा था, जहां शिक्षा का प्रसार कम था। यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिए मुनाफाखोरी पर रही है। इस वैचारिकी का स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिए नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनाई। नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है। जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सलवाद या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है। जिसके अनुसार बदलाव भी हिंसा के जरिए ही आता है। वैचारिकी तक अगर माओवाद सीमित रहता तो गनीमत थी। लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में अपनी ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया। तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा।

नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे। जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया। उनके समर्थक आधार को कमजोर करने में उनके द्वारा व्यापक स्तर पर किए गए नरसंहारों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। झीरम घाटी के नक्सली हमले में जहां तीस से ज्यादा लोग मारे गए थे, 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला के जंगलों में नक्सलियों ने घात लगाकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 75 और जिला बल के एक जवान को बारूदी सुरंग में उड़ा दिया था। इन हत्याओं के बाद नक्सली हिंसा को लेकर सवाल उठने लगा। नक्सलियों के समर्थक बौद्धिक तबके के लिए उनके बचाव में बोलना आसान नहीं रह गया। ताड़मेटला कांड के बाद तो उनके खिलाफ वायुसेना की कार्रवाई की मांग उठी थी, तब नक्सलियों के बौद्धिक समर्थकों ने इसका विरोध किया था। इस विरोध के चलते तत्कालीन मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा को काबू करने के लिए सैनिक कार्रवाई को टाल दिया था। मोदी सरकार की नजर में माओवादी हिंसा आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा थी। वैसे मोदी सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा। इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की। एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गई। इसमें सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया। इस रणनीति के जरिए माओवादी आंदोलन को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने में कामयाबी मिली। इससे माओवादियों के हाथों होने वाली हिंसा में कमी आई। लोगों में भय का माहौल कम हुआ। इसके साथ ही माओवादी उग्रवाद से प्रभावित कई जिलों को मुख्यधारा में शामिल करने में तेजी आई। इसकी वजह से स्थानीय निवासी नक्सलवाद दूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखने लगे। उन्हें यह भरोसा होने लगा कि माओवादी हिंसा और सोच शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, बैंकिंग और डाक सेवाओं को उनके गांवों तक पहुंचने से रोकती है। नक्सलियों के समर्पण और उसके बाद उनके पुनर्वास पर जोर दिया गया। उन्हें हिंसा छोड़ने के बाद मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जिंदगी बिताने के लिए सरकारी स्तर पर मदद दी जाने लगी। इसके साथ ही भारत सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे की कमी दूर करने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष योजना के तहत विशेष केन्द्रीय सहायता दी जा रही है। इसके तहत नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित और चिंतित करने वाले जिलों को 30 और 10 करोड़ रुपये की मदद दी जा रही है। इसके अलावा, जरूरत के मुताबिक, इन जिलों के लिए विशेष परियोजनाएं भी दी जा रही हैं। इसकी वजह से पिछले 10 वर्षों के दौरान, 8,000 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। इसका असर यह होगा कि माओवादियों के खिलाफ उनकी कार्रवाई कहीं ज्यादा सटीक होगी।

इसका असर भी अब दिखने लगा है। अब जहां खूंखार नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या फिर समर्पण कर रहे हैं, वहीं जनजातीय इलाकों में नई सड़कें और रेल लाइनें बनाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ %खरसिया-नया रायपुर परमलकसा मार्ग से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधा रेल संपर्क मिलने जा रहा है। इस इलाके में 27 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जा रही है।

माओवाद विरोधी कार्रवाई की कमान संभालने वाले केंद्रीय बलों के अधिकारियों का मानना है कि मौजूदा सरकार ने उनके लिए मुफीद माहौल मुहैया कराया है। छत्तीसगढ़ में जब भूपेश बघेल की सरकार की हार के बाद सुरक्षा बलों के कुछ अधिकारियों का मानना था कि नई सरकार की नीति बदलेगी। इसकी वजह से स्थानीय पुलिस और प्रशासन माओवादी हिंसा के खिलाफ उनके कदमों के प्रति सहयोगी रूख रखेगा। नक्सलवाद पर नकेल के उपायों का असर ही कहा जाएगा कि साल 2014 में जहां नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 70 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है। नक्सलवाद खत्म हो, विकास की गाड़ी दौड़ती रहे और जनजातीय समूह के लोगों को भी विकास में भागीदार बनाया जाए, इससे शायद ही किसी को इनकार होगा। लेकिन साथ ही व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि फिर ऐसे हालात न बनें, जिससे स्थानीय निवासियों को बरगलाना आसान हो और वे हथियार उठाने के लिए मजबूर हों।

**- उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं..**
**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## बकरीद 7 को, शहर में लगी बकरा मंडी



फोटो- अब्दुल अजीज सिन्धी

उदयपुर, (नसं)द्ध मुस्लिम समुदाय द्वारा 7 जून को ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व मनाया जाएगा। इससे शहर में मुस्लिम मौहल्ले में बकरे की खरीद फरोख्त का सिलसिला जारी है। इसी तरह मल्लातलाई मस्तान बाबा दरगाह परिसर में बकरा मंडी में बकरे खरीद फरोख्त करते शहरवासी दूर दराज से व्यापारियों द्वारा बकरा मंडी में बकरे बेचने आते ।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से दिनदयाल केडिया जी सेवानिवृत्त, 37 वर्षों की शानदार सेवा का समापन



उदयपुर, (नसं)। बैंकिंग क्षेत्र की एक प्रेरणादायक और समर्पित यात्रा का आज भावनात्मक समापन हुआ, जब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उपशाखा प्रबंधक श्री दिनदयाल केडिया जी ने 37 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद सेवानिवृत्ति ली। वर्ष 1988 में एक क्लर्क के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री केडिया जी ने मेहनत, ईमानदारी और मानवीय संवेदनाओं के बल पर न सिर्फ बैंक में ऊँचा पद प्राप्त किया, बल्कि ग्राहकों और सहकर्मियों के दिलों में भी अमिट छाप छोड़ी।

श्री दिनदयाल को उनके हंसमुख और सहयोगी स्वभाव के लिए जाना जाता है। बैंक के सैकड़ों ग्राहक उनके साथ एक व्यक्तिगत और आत्मीय रिश्ता महसूस करते हैं। वे कहते हैं, दिनदयाल जी से मिलना बैंक आने का सबसे अच्छा अनुभव होता है। वे बैंकिंग समय के बाहर भी एक कॉल पर उपलब्ध रहते थे—चाहे किसी सहकर्मी को मार्गदर्शन देना हो या किसी ग्राहक की समस्या को सुनना हो। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उदयपुर क्षेत्र की सभी शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम शाखा प्रबंधक श्री गौरीशंकर एवं उनके सहयोगियों द्वारा बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में न सिर्फ उनके योगदान को सराहा गया, बल्कि कई सहकर्मियों और ग्राहकों ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए। अपनी इस लंबी और समर्पित यात्रा के पीछे दिनदयाल जी अपने परिवार, विशेष रूप से अपनी पत्नी को सबसे बड़ा सहारा मानते हैं। उन्होंने खुले दिल से स्वीकार किया, मैं अपने काम में पूरी तरह समर्पित रह सका क्योंकि मेरी पत्नी, श्रीमती संतोष केडिया ने घर की सारी जिम्मेदारियाँ निःस्वार्थ रूप से संभालीं। उनकी यह भूमिका मेरी सफलता की बुनियाद है। यह कहकर उन्होंने उस अनदेखे सहयोग को भी उजागर किया, जो अक्सर पर्दे के पीछे रह जाता है। नीम का थाना (जिला-सीकर) के मूल निवासी श्री दिनदयाल ने उदयपुर क्षेत्र में वर्षों तक सेवाएं दीं। वे दो विवाहित संतानों के पिता हैं और तीन पोते-पोतियों के प्यारे दादाजी हैं। कार्यस्थल पर जितना उनका योगदान रहा, पारिवारिक जीवन में भी वे उतने ही समर्पित और जुड़े हुए रहे। इस अवसर पर सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना की। श्री दिनदयाल केडिया का नाम बैंकिंग क्षेत्र में उन गिने-चुने व्यक्तित्वों में शुमार रहेगा, जिन्होंने सेवा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन बना दिया।

## मुनिश्री अपूर्वसागरजी महाराज के सानिध्य में मनाया श्रुति पंचमी का महामहोत्सव

उदयपुर, (नसं)। परम पूज्य वात्सल्यवारिधी पंचम पट्टाचार्य श्री वर्धमानसागरज महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री अपूर्वसागरजी महाराज एवं मुनि विवर्जित सागरजी महाराज के पावन सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से श्री दिगम्बर जैन बीसा हूमड़ भवन, तेलीवाड़ा उदयपुर में शनिवार 31 मई प्रातः 7 बजे से भव्य श्रुत पंचमी महोत्सव एवं मां सरस्वती महा पूजन हुआ। इस आयोजन के सौधर्म इंद्र जय कुमार मणि जी कारवा परिवार रहे।

सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलल वेलावत एवं सुरेश पद्मावत ने बताया कि श्रुत पंचमी महोत्सव के तहत प्रातः 6 बजे श्री जिनेन्द्र पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा हुई। प्रातः 7.15 बजे मां जिनवाणी की भव्य पालकी यात्रा निकाली जो हुमड़ भवन से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गाजेबाजे के साथ पुनः हुमड़ भवन पहुंची। इस दौरान श्रावक श्राविकाएं पूर्ण भक्ति भाव के साथ पूरे मार्ग में भक्ति नृत्य एवं जयकारे लगाते हुए चल रहे थे और जगह-जगह पालकी यात्रा का समाज जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

प्रचार प्रसार मंत्री पारस चित्तैड़ा ने बताया कि इस दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रेष्ठीजनों में सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलल वेलावत, महामंत्री सुरेश पद्मावत, जनकराज सोनी, देवेन्द्र छाप्या, सेठ शांतिलाल नागदा, राजेश देवड़ा, महावीर कारवां, अरविन्द गडिया, विद्या जावरयि, लीला कुरडिया, विमल नाथूत, पारस चित्तौड़ा सहित सैंकड़ों समाजजन उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रातःकालीन वेला में श्रीजी की शांतिधारा एवं अभिषेक हुआ। धर्मसभा से पूर्व विमल नाथूत द्वारा मंगलाचरण की संगीतमयी में प्रस्तुति दी गई। इसके बाद मुनिश्री का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट तथा चित्र अनावरण एवं जिनवाणी पूजन जैसे विविध धार्मिक एवं मांगलिक आयोजन हुए जिसके पुण्यार्जक शकुंतला देवी, जय कुमार, शरद कुमार, निलेश कुमार कारवां रहे। सौधर्म इन्द्र के पुण्यार्जक जय कुमार मणि कारवा परिवार रहे। सम्पूर्ण आयोजनों का संचालन राजेश देवड़ाने किया।

**चातुर्मास के लिए विनती, श्रीफल अर्पित:** धर्म सभा में सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत के नेतृत्व में समाज जनों ने मुनिश्री अपूर्व सागर जी ससंघ से हुमड़ भवन में चातुर्मास करने की विनती की गई एवं नारियल चढ़ाए। वेलावत ने गुरुदेव से विनती की कि हे गुरुदेव उदयपुर का संपूर्ण सकल दिगंबर जैन समाज की यह पुण्य भावना है कि आपश्री का चातुर्मास इस बार हुमड भवन को मिले।

इस दौरान आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री अपूर्व सागरजी महाराज ने अपने धर्मोपदेश में श्रुति पंचमी महा महोत्सव का महत्व बताते हुए कहां कि आज के ही इस पावन दिन को कर्म सिद्धांत का मूल मंत्र लिखकर ग्रंथ के रूप में पूर्ण हुआ। आज ही के दिन इस कर्म ग्रंथ की पहली बार पूजा हुई और कर्म सिद्धांत का यह लिखित ग्रंथ हम सभी के सामने आया। आचार्य धरसेन स्वामी, आचार्य पुष्पदंत, आचार्य भूतबली के अनंत उपकार है कि इनका लेखन उनके द्वारा किया गया। श्रुत पंचमी महापर्व षट्खंडागम शास्त्र के लेखन के संपूर्ण होने की तिथि है जिसकी पूजा स्वयं इन निर्ग्रंथ आचार्यों ने संपादित की थी। धवल, जयधवल, महाधवल महान ग्रंथों की पूजन इस दिवस पर की जाती है। हमारे धर्माचार्य आचार्य के बदौलत थी युगों युगों तक यह सूरत ग्रंथ हमारे पास उपलब्ध रहेंगे और इसका लाभ पीढ़ियों तक मिलता रहेगा क्योंकि हमारे श्रुत ग्रंथ अमर हैं।

**प्रथमाचार्य श्री शांतिसागरजी महाराज का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी:** धर्म सभा में मुनि श्री ने प्रथमाचार्य श्री शांतिसागरजी महाराज के जीवन वृतान्त पर मंगल उपदेश देते हुए गुरुदेव की बाल्यावस्था से लेकर क्षुल्लक दीक्षा एवं आचार्य पद प्राप्त करने तक के जीवन वृतांत को विस्तार पूर्वक श्रावक श्राविकाओं को बताते हुए कहा कि आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा, ज्ञान और धर्म से परिपूर्ण था। उनके प्रेरणादायी जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। आचार्यश्री में बाल्य काल से ही विलक्षण प्रतिभाएं थी। उनके जीवन और उनके कर्म से हर कोई प्रभावित था। धर्म सभा में मुनिश्री ने पेंटिंग के माध्यम से अलग-अलग फ्रेम में बनाए गए आचार्यश्री के जीवन वृतांत को श्रावक श्राविकाओं को समझाया।

विभिन्न पेंटिंग्स में आचार्य श्री के किए गये विभिन्न धार्मिक कार्यों, तपस्याओं एवं साधनाओं को पेंटिंग के माध्यम से फ्रेम किया गया। पेंटिंग्स की फ्रेमों को देखकर मुनिश्री ने श्रावक श्राविकाओं को यह भी समझाया कि यह पेंटिंग्स कब की है, इसका क्या महत्व है और इसमें आचार्य जी का क्या प्रसंग है। आचार्य जी के जीवन के अलग-अलग प्रसंग पर बनाई गई विभिन्न पेंटिंग्स को देखकर श्रावक श्राविकाएं भाव-विभोर हो गए

## आदिनाथ भवन सेक्टर 11 में आर्यिका 105 श्री सुविज्ञमती माता जी ससंघ के सानिध्य में मनाया श्रुत पंचमी महा महोत्सव

उदयपुर, (नसं)। अदिनाथ भवन सेक्टर 11 में शनिवार को आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज जी की सुशिष्या आज्ञानुव्रति शिष्य परम पूज्य आर्यिका 105 श्री सुविज्ञमती माता जी ससंघ के सानिध्य में श्रुत पंचमी महामोत्सव मनाया गया। साथ ही इस पावन अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की अक्षुण्ण परंपरा के ज्येष्ठाचार्य एवं दिगम्बर श्रमण परंपरा के उन्नायक आचार्य आदिसागर जी (अंकलीकर) महाराज का 110वा आचार्य पदारोहण दिवस, प.पू. चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज जी की सुशिष्या आज्ञानुव्रति शिष्य परम पूज्य आर्यिका 105 श्री सुविज्ञमती माता जी ससंघ के सानिध्य में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



महामंत्री कमलकान्त जोलावत ने बताया कि श्रुत पंचमी महोत्सव पर प्रातः 6.30 श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा हुई इसके बाद प्रातः 7.30 जिनवाणी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो आदिनाथ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भगमण के बाद पुनः आदिनाथ भवन पहुंची। अशोकशाह ने बताया कि उसके बाद आयोजित धर्मसभा के दौरान मंगलाचरण, भक्तिमय श्रुत पंचमी पूजा, गुरु पूजन (आचार्य आदिसागर जी महाराज) जैसे धार्मिक एवं मांगलिक आयोजन हुए। इनके सथ ही आर्यिका 105 श्री सुविज्ञमती माता जी के पाद प्रालन, शास्त्र भेंट एवं चित्र अनावरण के आयोजन हुए। शांति धारा के पुण्याजर्क - श्रीमति कोकिला जी विनोद डागरिया परिवार, माता जी पादप्रक्षालन के पुण्यार्जक- श्रीमति कोकिला जी.आदेश्वर लाल फान्दोत परिवार, माता जी के वस्त्र भेट के पुण्यार्जक- श्रीमति सुलोचना देवी नरेन्द्रपाल कोटरिया परिवार रहे।

इस अवसर पर धर्मसभा में श्रुत पंचमी का महतव एवं इसका इतिहास बताते हुए आर्यिका 105 श्री सुविज्ञमती माता जी ने कहा कि श्रुत पंचमी जैन समुदाय का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो ज्ञान और शिक्षा की आराधना के लिए मनाया जाता है। यह पर्व हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह दिगंबर जैन परंपरा में विशेष रूप से मनाया जाता है, जहाँ इसे ज्ञान की आराधना के लिए एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है।

श्रुत परंपरा का लिपिबद्ध रूप: दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार, श्रुत पंचमी का दिन वह है जब श्रुत परंपरा को लिपिबद्ध रूप में प्रारंभ किया गया था। श्रुत पंचमी से जुड़ा एक प्रमुख इतिहास आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलि से संबंधित है, जिन्होंने षट्खण्डागम ग्रन्थ की रचना की थी और इसे ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी के दिन चतुर्विध संघ के साथ पूजा की थी।

उन्होंने कह कि श्रुत पंचमी ज्ञान की आराधना का एक महान पर्व है, जो जैन भाई-बंधुओं को वीतरागी संतों की वाणी सुनने, आराधना करने और प्रभावना बांटने का संदेश देता है। श्रुत पंचमी ज्ञान के महत्व को रेखांकित करता है।


**रिलायंस केमोटेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः ग्राम कानपुर, पोस्ट बॉक्स नंबर 73, उदयपुर, राजस्थान, 313003
सीआईएनः L40102RJ1977PLC001994
दूरभाषः +91 (0) 294 2491489, +91 (0) 294 2491490, फैक्सः +91 (0) 294 2490067
ई-मेलः cs@reliancechemotex.com | वेबसाइटः www.reliancechemotex.com

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वार्षिकी समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.12.2024 (अन-अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| | रु. लाख में | रु. लाख में | रु. लाख में | रु. लाख में | रु. लाख में |
| ऑपरेशन से कुल आय (शुद्ध) | 8,392.53 | 9,279.22 | 10,370.07 | 36,876.71 | 37,145.45 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर और असाधारण मदों से पहले) | 302.90 | 11.74 | 149.27 | 365.69 | 562.75 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर से पहले और असाधारण मद के बाद) | 302.90 | 11.74 | 149.27 | 365.69 | 562.75 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर के बाद और असाधारण मद और/या असाधारण मदों के बाद) | 184.02 | 19.31 | 45.99 | 404.52 | 320.99 |
| कुल व्यापक आय (कर के बाद लाभ और अन्य व्यापक आय सहित) | 194.46 | 27.26 | 73.98 | 438.82 | 352.80 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 754.36 | 754.36 | 754.36 | 754.36 | 754.36 |
| पिछले लेखा वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | 12972.34 | 12608.95 |
| प्रति शेयर आय (असाधारण मदों के बाद) (रु. 10/- प्रत्येक) | | | | | |
| अ) बुनियादी | 2.44 | 0.26 | 0.61 | 5.36 | 4.26 |
| ब) पतला | 2.44 | 0.26 | 0.61 | 5.36 | 4.26 |

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 30 मई 2025 को आयोजित संबंधित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित अलेखापरीक्षित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं, जो सीमित समीक्षा के अधीन थे।
3. उपर्युक्त विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) और लागू सीमा तक अन्य मान्यता प्राप्त लेखांकन प्रथाओं के अनुसार तैयार किया गया है।
4. निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन, @ 5 % यानी 0.5 रुपये प्रति शेयर की दर से कुल 37.72 लाख रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।
5. पिछली अवधि के आंकड़ों को, जहां भी आवश्यक हो, वर्तमान अवधि के वर्गीकरण/ प्रकटीकरण के अनुरूप पुनः वर्गीकृत/ पुनः व्यवस्थित/ पुनः समूहीकृत किया गया है।
6. उपर्युक्त परिणाम कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
7. कंपनी के पास केवल एक रिपोर्ट योग्य प्राथमिक व्यवसाय खंड यानी यार्न है।

स्थान : उदयपुर
दिनांक : 30.05.2025

कृते रिलायंस केमोटेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड
संजीव श्रॉफ
प्रबन्ध निदेशक
DIN : 00296008